सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/12/2020 – रा भा | दिनांक : 16.10.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन।

युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष **'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0'** के लिए **'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत'** थीम निर्धारित की गई है जिसके अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2023 तक की अवधि के दौरान देश भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने आगामी 18 अक्टूबर, 2023 को संस्थान में **'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0'** आयोजित करने का निर्णय लिया है। श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक इस गतिविधि के नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :

कार्यक्रम	–	**'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0'** एवं शपथ ग्रहण
दिनांक	–	18 अक्टूबर, 2023
समय	–	सायं 5 बजे
स्थान	–	सीरी टॉवर

इस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के सभी सहकर्मी निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में **'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन'** में भाग लेंगे तथा संस्थान/कॉलोनी की स्वच्छता आदि में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के उपरांत इसकी रिपोर्ट/सूचना सीएसआईआर मुख्यालय और भारत सरकार के युवा मामलों व खेल मंत्रालय को भेजी जाएगी।

महेन्द्र सिंह 16/10/2023
(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय
2. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – कृपया अपने अधीनस्थ कार्मिकों को इस गतिविधि में सम्मिलित होने के लिए निदेशित करें।
3. सीरी स्टाफ क्लब – आयोजन में आवश्यक सहयोग एवं कॉलोनी वासियों को इसके लिए प्रेरित करने के लिए।
4. सुरक्षा अधिकारी/ श्री किशन लाल – आवश्यक व्यवस्था एवं सहयोग हेतु
5. श्री राकेश सेठी – कार्यक्रम की फोटोग्राफी हेतु।
6. सूचना पट्ट

फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0

शपथ

मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि

✓मैं हर हाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता और अखंडता की रक्षा करूँगा/करूँगी।

✓मैं राष्ट्र के प्रत्येक प्रतीक का सम्मान करूँगा/करूँगी ।

✓मैं राष्ट्र ध्वज, राष्ट्र गान, राष्ट्रीय मुद्रा और राष्ट्र भाषा का सम्मान करूँगा/करूँगी ।

✓मैं देश के सशस्त्र बलों और सेनाओं का सम्मान करूँगा/करूँगी ।

✓मैं अपने परिवार, समाज और देश में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करूँगा/करूँगी ।

वंदेमातरम ..... जय हिंद